तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 16 अप्रैल 2026

4 रेल लाइन से राहगीरों को हो रही परेशानी





## खबर संक्षेप

### गोंदिया पैसेंजर दो दिन के लिए रहेगी रद्द

**रायगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के निपनिया भाटापारा सेक्शन बीच स्थित लेवल क्रॉसिंग पर रोड अंडरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है द्य जिसकी वजह से 17 एवं 19 अप्रैल को दो दिन गाड़ी संख्या 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा-गोंदिया पैसेंजर रद्द रहेगी द्य इसके अलावा 17 एवं 19 अप्रैल को गाडी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू और गाडी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। पूर्व तटीय रेलवे के सम्बलपुर मंडल के बलांगीर.सम्बलपुर सेक्शन में गर्डर लांचिंग कार्य के लिए ट्रेफिक सह पावर ब्लॉक लिया जायेगा द्य इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल से संबंधित गाड़ी संख्या 58213/58214 बिलासपुर-टिटिलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर दिनांक 17, 18, 27 एवं 28 अप्रैल को रद्द रहेगी।

### अब नहीं टपकता नानदाई का घर

**रायगढ़।** ठुसेकेला की निवासी नानदाई की कहानी इस योजना की सफलता की सशक्त मिसाल बनकर सामने आई है। कभी मिट्टी के घर में जीवन यापन करने वाली नानदाई बताती हैं कि उनका घर बारिश में टपकता था, जिससे परिवार के साथ रहना बेहद कठिन हो जाता था। लेकिन अब उन्हें योजना के तहत पक्का मकान मिल चुका हैए जिससे उनका जीवन पूरी तरह बदल गया है। नानदाई कहती हैं, पहिली हमर माटी के घर रिहिस हेए अब हमन ला आवास मिल गे हे,अब हमन अच्छा रहिबो। उनके शब्दों में एक सुरक्षित छत मिलने का सुकून साफ झलकता है। अब उन्हें मौसम की मार का डर नहीं सताता और वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित जीवन जी रही हैं। अपनी खुशी जाहिर करते हुए नानदाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करती हैं। नानदाई जैसी महिलाओं के लिए यह योजना सशक्तिकरण का मजबूत आधार बन रही है। नानदाई की यह प्रेरक कहानी बताती है कि जब योजनाएं सही तरीके से जमीन पर उतरती हैं, तो वे केवल ढांचा नहीं बनातींए बल्कि लोगों के जीवन में स्थायी बदलाव लाती हैं।



### शिविर में मिले 1589 आवेदनों का निराकरण

**रायगढ़।** जिले में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक राजस्व पखवाड़ा के प्रथम चरण का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 2444 आवेदन प्राप्त हुएए जिनमें से 1589 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर आमजन को त्वरित राहत प्रदान की गई। जिले की सभी तहसीलों में कुल 382 शिविरों का सुव्यवस्थित संचालन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से प्रशासनिक सेवाएं गांव-गांव तक पहुंचीं। जिससे किसानों एवं ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ा और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही राहत मिल सकी। राजस्व पखवाड़ा के दौरान विवादित एवं अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार, वृक्ष कटाई, आरबीसी 6.4 प्रकरण, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, खसरा बी.1 वितरण, नक्शा सुधार, अभिलेख शुद्धता, भूमि स्वामी के खाते में आधार एवं मोबाइल नंबर प्रविष्टि तथा महतारी वंदन योजना अंतर्गत ई.केवाईसी जैसे विभिन्न प्रकरणों पर कार्रवाई की गई। कुल प्राप्त आवेदनों में से सर्वाधिक 649 आवेदन अविवादित नामांतरण से संबंधित रहेए जबकि तहसीलवार सर्वाधिक 535 आवेदन छाल तहसील से प्राप्त हुए। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया था कि तत्काल निराकरण योग्य प्रकरणों को मौके पर ही निपटाया जाएए जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया।

### 1 मई से मकान सूचीकरण एवं आवास गणना

# आज से जनगणना: तैयारियां तेज स्व-गणना का मिलेगा अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जनगणना 2027 को लेकर जिले में तैयारियां अब तेजी से आगे बढ़ रही हैं। नगरीय निकायों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक आमजन को जनगणना की प्रक्रिया और उसके महत्व से अवगत कराया जा रहा है। जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य 1 मई से 30 मई तक किया जाएगा, जिसके तहत जिले के प्रत्येक आवासीय एवं गैर-आवासीय भवन का सर्वेक्षण कर उसकी स्थिति, उपयोग तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्रित की जाएगी, जो भविष्य की विकास योजनाओं के लिए आधार तैयार करेगी।

इस बार जनगणना को अधिक सरल और सहभागी बनाने के उद्देश्य से स्व-गणना सेल्फ एन्यूमरेशन की सुविधा भी प्रदान की गई है। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के बीच इच्छुक नागरिक निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार एवं आवास से संबंधित जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। स्व-गणना करने वाले परिवारों को एक विशेष सेल्फ-एन्यूमरेशन आईडी प्रदान की जाएगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक होगा तथा प्रगणक के घर पहुंचने पर इसी आईडी के माध्यम से जानकारी का सत्यापन किया जाएगा। जनगणना के दौरान भवन की संख्या, प्रकार, उपयोग, निर्माण की स्थिति कच्चा, पक्का या अर्ध-पक्का, परिवारों की संख्या तथा पेयजल, शौचालय, बिजली, रसोई गैस एवं इंटरनेट जैसी बुनियादी सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्रित की जाएगी, जो सामाजिक-आर्थिक योजनाओं एवं आधारभूत विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। निर्धारित अवधि में अधिकृत प्रगणक पहचान पत्र के साथ घर-घर पहुंचकर जानकारी एकत्रित करेंगे, ऐसे में नागरिकों से अपील की गई है कि वे सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं तथा स्व-गणना करने वाले परिवार अपनी आईडी अवश्य साझा करें। जनगणना के दौरान एकत्रित सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी और उनका उपयोग केवल सांख्यिकीय एवं नीतिगत उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। कलेक्टर ने नागरिकों से इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा है कि सटीक आंकड़े ही योजनाओं को प्रभावी बनाते हैं।




# महापौर ने लिया नाला सफाई का जायजा बारिश के पहले सफाई अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जलभराव की समस्या से निबटने नगर निगम द्वारा नाला सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। बुधवार को महापौर जीवर्धन चौहान ने एमआईसी सदस्यों के साथ लक्ष्मीपुर पुल स्थित बड़े नाले की सफाई कार्य का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शहर के सभी 6 प्रमुख नालों की सफाई कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण होना चाहिए, ताकि बरसात के दौरान किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति न बने। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा संबंधित सफाई दरोगा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।
वर्तमान में लक्ष्मीपुर नाला एवं कौहाकुंडा से चिरंजीव दास नगर तक के नाले की सफाई का कार्य आधुनिक मशीनों, चैन माउंटेन बड़े पोकलेन के माध्यम से तेजी से किया जा रहा है। इससे गाद सहित नाले में जमे कचरे और उसमें उगे झाड़ियों को प्रभावी ढंग से निकालकर नालों की जल निकासी क्षमता बढ़ाई जा रही है। महापौर श्री चौहान ने कहा कि नगर निगम द्वारा बरसात पूर्व व्यापक स्तर पर नाला सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। इसमें निगम प्रशासन द्वारा शहर के सभी प्रमुख नाले पूरी तरह साफ करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिल सके। इस दौरान उन्होंने कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण यह सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित किया। महापौर ने नालों में कचरा डालने से बचने और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नालों में कचरा फेंकने से जल निकासी बाधित होती है, जिससे बरसात के दौरान जलभराव की समस्या आती है।

# 28 पान दुकानों पर 5 हजार जुर्माना

**रायगढ़।** 11 अप्रैल को रायगढ़ शहरी के जूटमिल क्षेत्र तथा 14 अप्रैल को सती गुड़ी चौक से कोतरा रोड क्षेत्र तक पान ठेलों में कोटपा एक्ट.2003 के तहत संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण एवं चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस विभाग एवं खाद्य एवं औषधि विभाग के ड्रग इंस्पेक्टरों की संयुक्त टीम द्वारा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जूटमिल क्षेत्र में 7 पान ठेलों से 1510 रुपए तथा सतीगुड़ी चौक से कोतरा रोड क्षेत्र में 21 पान ठेलों से 4000 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

अभियान के दौरान दुकानदारों को कोटपा एक्ट. 2003 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध बोर्ड लगाना अनिवार्य है, जबकि धारा 5 के अंतर्गत तम्बाकू विक्रेताओं को चेतावनी बोर्ड प्रदर्शित करना आवश्यक है। इसी प्रकार धारा 6 के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तम्बाकू उत्पाद बेचना तथा शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में बिक्री करना दण्डनीय अपराध है। वहीं धारा 7 के तहत बिना वैधानिक चेतावनी वाले तम्बाकू उत्पादों की बिक्री भी प्रतिबंधित है।



# कार ने मासूम को रौंदा, आक्रोशित ग्रामीणों ने कर दिया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत फगुराम चौक पर बुधवार को एक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रही एक मासूम बच्ची को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक काले रंग की क्रेटा कार तेज गति से आ रही थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्ची कार के नीचे फंस गई और कुछ दूरी तक सड़क पर घसीटती चली गई। इस मंजर को देख मौके पर मौजूद लोग सन्न रह गए। घटना के तुरंत बाद इलाके में अफरा.तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। हादसे से गुस्साए लोगों ने बच्ची के शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर कोई नियंत्रण नहींहैए जिसके कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस प्रदर्शन के चलते खरसिया-डभरा मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई हैं और यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। इस दौरान मौके पर तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर इसकी सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। मौके पर मौजूद अधिकारी स्थिति को संभालने और लोगों को शांत कराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनआक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा।



## फरार वारंटी गिरफ्तार, आरपीएफ ने की कार्रवाई

रायगढ़। आरपीएफ ने एक फरार वारंटी को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया था, लेकिन जमानत मिलने के बाद वह फरार हो गया था। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आरोपी सत्यनारायण यादव पिता अमर यादव उम्र 35 वर्ष निवासी बलुआग्राम अफगान थाना भटनी जिला. देवरिया उत्तर प्रदेश के विरुद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था। पता चला कि सत्यनारायण यादव सूरत से वापस आकर अपने गांव में ही काम कर रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी को को उसके घर से ही गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया । जहां न्यायालय ने दोष सिद्ध करते हुए 5 हजार के अर्थ दंड से दंडित किया।



# बिना काम पूरा किए राशि का आहरण, जांच में खुलासा, कलेक्टर ने बनाई जांच कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तीन साल पहले बीजेपी नेता को मिले कांग्रेसी राज्य सभा सांसद केटीएस तुलसी के मद का काम अब तक पूरे नहीं हुए हैं। बीजेपी नेता के फर्म को जेम पोर्टल के मार्फत पुसौर ब्लॉक के दो ग्राम पंचायत मिड़मिड़ा और एकताल में करीब 11 काम मिला था। खास बात यह है कि बिना काम पूरे हुए रनिंग बिल लगाकर राशि भी आरहण कर ली गई। इसका खुलासा तब हुआ जब वित्तिय वर्ष में जांच की गई। जब इसकी जानकारी कलेक्टर को दी गई तो उन्होंने तीन सदस्यीय कमेटी जांच के लिए गठित कर दी। जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी गई है। माना जा रहा है कि अब इस मामले में कार्रवाई हो सकती है। नेता के फर्म को या तो ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा या फिर पुलिस में मामला दर्ज कराया जाएगा। बीजेपी नेता के फर्म महावीर ट्रेडर्स को यह काम मिला था। दिलचस्प बात यह है कि राज्य सभा सांसद का कार्यकाल खत्म हो चुका है, लेकिन उनके द्वारा अनुमोदित काम पूरा नहीं हो सका है। लोकसभा और राज्य सभा सांसदों को गांवों से लेकर शहर विकास के लिए हर साल 5-5 करोड़ मिलता है। विकास कार्यों का अनुमोदन सीधे केंद्र सरकार के ई-साक्षी पोर्टल में होती है। यह पोर्टल इसकी मॉनिटिरंग भी करती है। इसमें कांग्रेस के पूर्व राज्य सभा सांसद केटीएस तुलसी द्वारा पुसौर ब्लॉक के दो ग्राम पंचायत मिड़मिड़ा और एकताल में 11 कार्य स्वीकृत किए गए थे। खास बात यह है कि यह काम अब तक पूरे नहीं हुए है। जबकि सांसद का कार्यकाल खत्म हो चुका है। यह कार्य वित्तिय वर्ष 2023-24 का है। अभी जब वित्तिय वर्ष में कार्यो की जांच की जा रही थी तो इसकी जानकारी मिली। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी को जब इसकी जानकारी मिली तो सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर जांच करने का निर्देश दिया गया था। इसमें कोषालय अधिकारी और सांख्यिकी अधिकारी भी शामिल हैं। इनके द्वारा दोनों ग्राम पंचायतों में जांच की गई। जानकारी मिली है कि जांच रिपोर्ट कलेक्टर तक पहुंच चुकी है। जांच टीम ने जांच करने के बाद मय सबूत फोटो ग्राफ्स भी रिपोर्ट में पेश किया है।

### बीते 2023-24 में जेम पोर्टल के मार्फत लिया गया था काम



### सरपंचों के असहयोग का हवाला

इस मामले को लेकर जहां वेंडर द्वारा सरपंचों के असहयोग के कारण कार्य लंबित होने की बात कही जा रही है। वहीं सरपंचों द्वारा वेंडर की मनमानी के कारण कार्य पूरा न हो पाने का आरोप लगाया जा रहा है। अब इसमें किसकी गलती है यह तो अधिकारियों की जांच रिपोर्ट में ही खुलासा हो सकता है।

### करीब एक करोड़ का काम

जानकारी के मुताबिक जांच टीम ने 11 कार्यो की जांच की है। इसमें बोर खनन से लेकर सीसी सड़क और सोलर लाइट का काम होने की बात कही जा रही है। यह काम जेम पोर्टल के माध्यम से ली गई थी। जानकारी मिली है बिना काम पूरा हुए ही रनिंग बिल लगाकर इसका आहरण भी कर लिया गया है। अब इस मामले में कार्रवाई होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि अब इन गांवों में सांसद मद से हुए पूरे कार्यो की जांच भी की जा सकती है।

जांच कराई गई है, काम पूरे नहीं हुए हैं। काम पूरा करने का निर्देश दिया गया है। 1-2 महीने में काम पूरा नहीं होगा तो एफआईआर कराई जा सकती है।

**मयंक चतुर्वेदी**
कलेक्टर

### जिले के 10 नवीन सहकारी समितियों का वर्चुअल शुभारंभ

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर से प्रदेश की नवगठित 515 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों पैक्स का वर्चुअल शुभारंभ किया। जिसमें रायगढ़ जिले की 10 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां चितवाही, तिउर, पोड़ीछाल, लिप्ति, हाटी, दुर्गापुर, ससकोबा, घटगांव, खुरूशलेंगा और मुनुन्द भी शामिल है। सीएम श्री साय ने प्रदेश के अन्नदाता किसानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार खेती.किसानी में आधुनिक तकनीक और सहकारिता के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा दे रही हैए ताकि गांव और किसान समृद्ध बन सकें। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री केदार कश्यप भी उपस्थित रहे। इन समितियों के गठन से ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता सेवाओं का विस्तार होगा।

# चावल खरीदी-बिक्री के नाम पर 1 लाख 70 हजार की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चावल खरीदी-बिक्री के नाम पर 1 लाख 70 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने वाले शातिर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने बिहार से पकड़कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला सिटी कोतवाली का है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी बांके बिहारी अग्रवाल प्रोपराइटर सुलोचना फूड, निवासी जांजगीर ने 12 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि चावल ब्रोकर अंजनी अग्रवाल के माध्यम से आरोपी से 900 क्विंटल चावल 2980 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदने का सौदा तय हुआ था। आरोपी ने ट्रक भाड़ा और अन्य खर्च के नाम पर अलग-अलग किस्तों में फोनपे और बैंक खाते के माध्यम से कुल 1 लाख 70 हजार रुपए ले लिए। रकम लेने के बाद आरोपी ने फर्जी बिल भेजा, लेकिन चावल की खेप नहीं भेजी और मोबाइल बंद कर फरार हो गया। इस तरह के मामलों में सबसे बड़ी चुनौती होती है निवेशकों का पैसा वापस दिलाना। यदि आरोपी ने रकम को कहीं निवेश या खर्च कर दिया है, तो रिकवरी बेहद कठिन हो जाती है। हालांकि पुलिस अब आरोपी के बैंक खातों, संपत्ति और उसके संपर्कों की जांच कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल था।मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले की प्रभारी पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई।

### जबरन शादी कराने और देह व्यापार में झोंकने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

# पिता की डांट गुजरी नागवार तो घर से निकल गई नाबालिग, सहेली ने ही किया सौदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पिता की डांट एक नाबालिग को इतना नागवार गुजरा कि वह घर से निकल गई। जब वह अकेली किसी सुनसान जगह पर खड़ी थी तो उसकी सहेली मिली और उसे अच्छा काम दिलाने के बहाने रायगढ़ ले आई। नाबालिग को क्या पता कि जिसे वह सहेली मान रही है वह उसका सौदा करने ले जा रही है।

सहेली ने कुछ लोगों से मिलकर उसका डेढ़ लाख में सौदा कर दिया। इस दौरान वह देह व्यापार करने का दबाव भी बनाती रही। बहरहाल पुलिस ने नाबालिग की जहां सौदा हुआ था वहां दबिश देकर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। साथ ही नाबालिग का सौदा करने वाले आरोपियों को भी पकड़ लिया है। याने काम दिलाने के बहाने बेचने और जबरन शादी कराने के साथ ही उससे देहव्यापार कराने के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग और खरीदार सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि पीडिता नाबालिग ने बीते 11 अप्रैल को पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि उसके पिता उसके साथ मारपीट करते हैं और उसे हर बात पर डांटते हैं। जिससे डर कर वह बीते 26 नवंबर को अपने घर से निकल कर गांव के ही खेल मैदान के पास गई थी। इसी बीच उसके परिचय की एक युवती मिली और उसने पीडिता को अच्छा काम दिलाने की बात कहते हुए रायगढ शहर ले आई। जहां उसने निकले महादेव मंदिर के पास पहले से ही मौजूद इस गिरोह की सक्रिय सदस्यों बिंदिया रात्रे, अभय यादव, चिकू खान, पूजा उर्फ बॉबी उर्फ चाची से मिलवाया। इन सभी ने पीडिता को बेहतर काम दिलाने की बात कहते हुए मध्यप्रदेश के सागर ले आए। जहां इन्होंने पीडिता को डेढ लाख रूपए में सुनील दिक्षित पिता बाबूलाल दिक्षित उम्र 37 साल निवासी बिलवार जिला छतरपुर को बेच दिया और एक मंदिर में जबरन सुनील के साथ उसकी शादी करा दी। तथाकथित शादी के बाद आरोपी सुनील ने उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाया। इसी बीच मौका पाकर पीडिता वहां से निकलने में कामयाब हो गई और वहां से किसी तरह निकल कर ट्रेन से वापस रायगढ लौट आई। किंतु अपने पिता के मार के डर से घर नहीं लौटी और बिंदिया रात्रे पिता स्व. रामलाल रात्रे उम्र 23 सा. इंदिरा नगर भोला गली के पास पहुंची। जिसके बाद बिंदिया रात्रे ने उसे उसके घर में ही रूकने को कहा। जब पीडिता उसके घर में रूकी थी तब अरोपिया बिंदिया ने उसे जबरन देह व्यापार करने को दबाव बनाया और अपने परिचित लडकों के पास भी भेजती थी। पीडिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू की। इस मामले में सबसे पहले आरोपिया बिंदिया को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की और उसकी निशानदेही पर सागर से आरोपी सुनील दीक्षित को भी धर दबोचा। इसके साथ ही सिरिन बानू उर्फ पूजा उर्फ बॉबी उर्फ चाची पति मोह. वकील उम्र 45 वर्ष और मोह. दानिश उर्फ चीकू पिता मोह. वकील उम्र 20 वर्ष निवासी बीड़पारा को भी गिरफ्तार किया गया है। जबकि आरोपी अभय यादव फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है। आरोपियों के कब्जे से करीब 7 हजार रूपए और मोबाइल आदि बरामद कर जब्त किया गया है।





## खबर संक्षेप

### अंडोला में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**सारंगढ़।** सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम अंडोला में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन 16 अप्रैल को किया जाएगा। शिविर में कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे जो आम जनता के मांग और शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त कर शीघ्र निराकरण करेंगे। साथ ही सभी विभाग अपने विभागीय योजनाओं का लाभ देंगे और पात्र हितग्राही को सामग्री वितरण करेंगे।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनग।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। जशपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पोड़ी निवासी स्व. राधा सिंह का आंधी तूफान के कारण पेड़ का डंगाल टूटकर गिरने से 28 अप्रैल 2025 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पुत्र दुर्गा सिंह, जगदीश सिंह एवं पुत्री सुमती सिंह हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### प्रत्येक मंगलवार को होगा यूडीआईडी कार्ड का नवीनीकरण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार दिव्यांगजन प्रमाणीकरण तथा यूडीआईडी नवीनीकरण जिला अस्तपताल जशपुर में प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 10 से 4 बजे तक किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि ऐसे दिव्यांगजन जिनका यूडीआईडी कार्ड नहीं बना है और जिनका पहले से बना हुआ पुराना दिव्यांग प्रमाण पत्र है नवीनीकरण करने हेतु जिला जिला अस्तपताल के रूम नम्बर 11 में रेहाना खातुन से सम्पर्क कर दिव्यांग प्रमाण पत्र कार्ड बना सकते है। जिला के समस्त दिव्यांगजनो का प्रमाणीकरण तथा पूर्व में जारी प्रमाण पत्र का नवीनीकरण किया जाएगा। उक्त शिविर में आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार नम्बर में रजिस्टर्ड मोबाईल जिसमें ओटीपी आता हो, फोटोग्राफ जिसमें दिव्यांगता प्रदर्शित हो) जैसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करे। यदि आधार से लिंक मोबाईल नंबर अपडेट करने की आवश्यकता है तो पूर्व से ही आधार केन्द्र में मोबाईल नंबर अपडेट करवा लेवें।

### अब क्षेत्र के किसानों को नहीं होगी परेशानीः चक्रवर्ती

**जशपुरनगर।** जिले में किसानों के लिए नवनिर्मित 20 नवीन सोसायटी का प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा वर्चुअल उद्घाटन किया गया। साहीडांड के धान खरीदी केंद्र मे नवीन सोसायटी का राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त और माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवती के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। नवीन सोसायटी के उद्घाटन में क्षेत्र भर के किसान सम्मिलित हुए।माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवती ने किसानों को कहा सभी पंजीकृत किसान आवश्यकतानुसार अभी से ही खाद्य मांग की आवेदन धान खरीदी केंद्र में लगा लें ताकि सभी किसान को समय से और आवश्यकतानुसार खाद्य मील सके। उद्धघाटन समारोह में भाजपा के वरिष्ट नेता दिलधरन राम, शम्भू सिंह, रामप्रसाद सिंह, फागु सिंह, कमल सिंह राजकुमार चौहान, मनोज नायक, शाखा प्रबंधक प्रभारी जगदीश यादव एवं सभी शाखा पदाधिकारी एवं क्षेत्र के किसान सम्मिलित रहे।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**जशपुरनगर।** कुनकुरी क्षेत्र के डुगडुगिया स्थित पावर हाउस के सामने एक दर्दनाक सड़क हादस में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों में से एक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान संदीप राम उर्फ (भोकलो) पिता दिनेश राम के रूप में हुई है। हादसा इतना भीषण था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे व्यक्ति का नाम पाकल बताया जा रहा है जिसको गंभीर हालत में तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उसका इलाज जारी है, दोनों कुनकुरी थाना इलाके के पंडरीपानी महाकुल पारा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही कुनकुरी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और दुर्घटना के बाद बाधित हुए

---

3 महीने फरार था रंजन साहू, जशपुर पुलिस की एंड-टू-एंड जांच में बड़ा खुलासा

# ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले से पकड़ा गया कफ सिरप सिंडिकेट का मास्टरमाइंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा



नशे के खिलाफ जशपुर पुलिस की सख्ती अब तस्करों के पूरे नेटवर्क पर भारी पड़ रही है। प्रतिबंधित कफ सिरप तस्करी के मामले में फरार चल रहे मुख्य सप्लायर रंजन साहू उर्फ राजन उर्फ पाकु को पुलिस ने ओडशा के सुंदरगढ़ जिले से गिरफ्तार कर लिया है। करीब तीन महीने तक फरारी काटने के बाद आखिरकार आरोपी पुलिस के शिकंजे में आ गया।

मामले की शुरुआत 20 जनवरी को हुई, जब कोतबा चौकी क्षेत्र के सुरंगपानी गांव में पुलिस ने घेराबंदी कर मोहित कुमार गुप्ता को पकड़ा था। उसके पास से 100-100 एमएल की 640 बोतल प्रतिबंधित विस्कोरेक्स कोडीन फास्फेट कफ सिरप बरामद की गई थी।बाजार में इसकी कीमत करीब 1 लाख 11 हजार रुपए आंकी गई थी।सिर्फ बरामदगी ही नहीं, पुलिस ने मौके से बाइक और मोबाइल भी जब्त किए थे, जिससे जांच को तकनीकी आधार मिला। मोहित गुप्ता से हुई पूछताछ ने पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश कर दिया। उसने बताया कि यह नशीली कफ सिरप ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के मालिपाड़ा खटकुरबहार निवासी रंजन साहू से खरीदी जाती थी। यहीं से पुलिस को पहली बार इस बड़े सप्लायर का सुराग मिला। जशपुर पुलिस ने सिर्फ एक आरोपी पर कार्रवाई कर मामला बंद नहीं किया, बल्कि पूरे नेटवर्क को तोड़ने के लिए एंड-टू-एंड जांच शुरू की।तकनीकी साक्ष्य, मोबाइल ट्रैकिंग और मुखबिर तंत्र के जरिए पुलिस लगातार रंजन साहू की तलाश में जुटी रही।करीब तीन महीने तक फरार रहने के दौरान आरोपी अपनी लोकेशन बदलता रहा, लेकिन पुलिस की निगरानी से बच नहीं पाया।

#### गांव में घेराबंदी कर गिरफ्तारी

जैसे ही आरोपी के अपने गांव में होने की सूचना मिली, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम उड़ीसा रवाना की गई। पुलिस टीम ने सुंदरगढ़ जिले के मालिपाड़ा गांव में घेराबंदी कर रंजन साहू को हिरासत में लिया और जशपुर लेकर आई। पूछताछ में आरोपी ने नशे के कारोबार में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(सी), 27(ए) और 29 के तहत मामला दर्ज किया है। गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

#### इनकी रही विशेष भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में कोतबा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक बृजेश कुमार यादव, सहायक प्लाटून कमांडर ललित तिग्गा, प्रधान आरक्षक दीनदयाल साहू, आरक्षक मुकेश मल्होत्रा सहित पुलिस टीम और सशस्त्र बल के जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

#### नशे के कारोबारियों को नहीं मिलेगी कोई राहत

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उम्मेद सिंह ने साफ कहा है कि जशपुर में नशे के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस'नीति के तहत कार्रवाई जारी रहेगी।चाहे तस्कर स्थानीय हो या दूसरे राज्य का, पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

---

## भाई बना कातिल, जमीन विवाद में भाभी की हत्या




**जशपुरनगर।** पारिवारिक विवाद ने एक बार फिर खूनी रूप ले लिया। जमीन को लेकर चल रहे झगड़े ने रिश्तों की मर्यादा को तार-तार कर दिया, जब एक व्यक्ति ने अपनी ही भाभी की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। मामले में सुनवाई करते हुए कुनकुरी की अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश बलराम कुमार देवांगन की अदालत ने आरोपी गणेश राम चौहान उम्र 45 वर्ष, निवासी हर्राडांड़, थाना कुनकुरी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी करार दिया।अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास और 1000 अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना नहीं भरने पर 6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक पुष्पा सिंह ने पैरवी की। घटना 10 मार्च 2024 की है। ग्राम हर्राडांड़ के अटल चौक के पास जमीन और पेड़ काटने को लेकर विवाद चल रहा था। इसी दौरान आरोपी गणेश राम चौहान ने अपनी भाभी चम्पा बाई पर टांगी (कुल्हाड़ी) से हमला कर दिया।आरोपी ने महिला के सिर और माथे पर कई वार किए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर गिर पड़ी। बाद में उसकी मृत्यु हो गई।

#### सूचना और कार्रवाई

घटना की सूचना मृतका के पति को फोन के माध्यम से मिली। मौके पर पहुंचकर उन्होंने पत्नी को खून से लथपथ पाया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

#### जांच में सामने आए तथ्य

पुलिस जांच के दौरान आरोपी के मेमोरण्डम कथन के आधार पर खून लगी टांगी बरामद की गई। घटनास्थल से खून सनी मिट्टी और अन्य साक्ष्य भी जब्त किए गए।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि महिला की मौत सिर पर गंभीर चोट लगने से हुई, जो हत्यात्मक थी। गवाहों के बयान और वैज्ञानिक साक्ष्यों ने आरोपी के अपराध को सिद्ध किया।

#### अदालत ने की टिप्पणी

न्यायालय ने कहा कि शरीर के संवेदनशील अंग पर बार-बार वार करना हत्या की मंशा को स्पष्ट करता है।

---

## वेदांता पावर प्लांट हादसे पर विधायक ने जताया शोक, एफआईआर करने की मांग

**नंदेली।** सक्ती जिले के डभरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सिंघीतराई स्थित वेदांता लिमिटेड के पावर प्लांट में बॉयलर फटने से हुई भीषण दुर्घटना पर पूर्व कैबिनेट मंत्री और खरसिया विधायक उमेश पटेल ने गहरा शोक व्यक्त किया है। हादसे में जान गंवाने वाले श्रमिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं।

उमेश पटेल ने कहा कि वेदांता प्लांट में हुए हादसे की खबर बेहद दुखद और चिंताजनक है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों को शीघ्र स्वस्थ करने की प्रार्थना की है।

इसके साथ ही उन्होंने प्रशासन से घायलों को तत्काल उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को कहा है। हादसे को हृदय विदारक बताते हुए उमेश पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में औद्योगिक सुरक्षा में इस तरह की चूक कतई स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने स्पष्ट लहजे में कहा कि औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण



होने वाली ऐसी घटनाएं राज्य के औद्योगिक परिदृश्य के लिए एक गंभीर सवाल खड़ा करती हैं। विधायक उमेश पटेल ने इस पूरे मामले में सख्त रुख अपनाते हुए लापरवाह प्लांट प्रबंधन पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन अविलंब जांच कमेटी गठित करे जिससे इस हादसे के जिम्मेदार लोगों की पहचान हो सके और उन पर बिना किसी देरी के दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि यह पता लगाना अनिवार्य है कि आखिर इतनी बड़ी तकनीकी चूक कैसे हुई। उमेश पटेल ने स्पष्ट किया कि जांच में जो भी अधिकारी या प्रबंधन के लोग दोषी पाए जाते हैं उनके विरुद्ध श्रम कानूनों के अंतर्गत कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई हो ताकि पीड़ित परिवारों को न्याय मिले और भविष्य में किसी भी संयंत्र में श्रमिकों की सुरक्षा के साथ ऐसा खिलवाड़ न हो सके।

---

## खाद विक्रय में अनियमितता बरतने वाली दो दुकानों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ कृषि विभाग द्वारा निरंतर उर्वरक दुकानों का किया जा रहा आकस्मिक निरीक्षण



खरीफ विपणन वर्ष 1 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। अब तक खरीफ उर्वरक का लक्ष्य 26675 मे.टन के विरूद्ध में जिले में अबतक 11306 मे.टन का उर्वरक भण्डारण कर 149 मे.टन खाद का वितरण किया जा चुका है।

कृषि विभाग के टीम द्वारा विगत दिवस 14 अप्रैल को पत्थलगांव विकास खण्ड के कोतबा, बागबहार के उर्वरक दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें से दो दुकान बन्टी जनरल स्टोर बागबहार एवं शर्मा कृषि सेवा केन्द्र कोतबा के दुकानों में विक्रय दर का प्रदर्शन, स्टॉक रजिस्टर का संधारण नहीं होना, किसानों को खाद विक्रय का रजिस्टर संधारण नहीं होना, किसानों को बिल व पावती रसीद नहीं दिया जाना आदि अनियमितता पाये जाने के कारण उक्त दोनों संस्था को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। तीन दिवस के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर उर्वरक अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। इसी प्रकार कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के टीम के द्वारा निरंतर निरीक्षण कर कमी पाये जाने पर किसी भी स्तर के दुकानदार को एक तरफा कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसान भाई को भी आपके द्वारा निजी दुकान से उर्वरक एवं अन्य आदान सामग्री क्रय की जाती है, तो शासकीय दर पर ही क्रय करे एवं खरीदी कर रसीद अवश्य प्राप्त करें एवं उर्वरक के साथ किसी भी तरफ का टैग यथा नैनो यूरिया, नैनो डी.ए.पी., जैविक खाद या अन्य कीटनाशक दवाई यदि टैग करके किसानों को विक्रय की जाती है, तो तत्काल इसकी सूचना कृषि विभाग को देने की अपील की जाती है। जिले में किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने, उर्वरक की कालाबाजारी, गैर कृषि उपयोग, जमाखोरी, अधिक कीमत पर विक्रय एवं अमानक उर्वरकों के विक्रय जैसे अवैध कार्यवाही रोकने के लिए जिले के सभी निजी एवं शासकीय 187 दुकानों को कृषि विभाग के मैदानी अमलों को नामजद ड्यूटी लगाई गई है।

---

## बाबा साहब ने समानता के आदर्शों को स्थापित किया: भगत



**जशपुरनगर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जय सतनाम कल्याण परिषद एवं रविदास कल्याण परिषद के संयुक्त तत्वाधान में भारत रत्न बोधिसत्व विश्वरत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 135वीं जन्म जयन्ती अत्यंत हर्षोल्लास के साथ अम्बेडकर चौक में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जशपुर विधायक रायमुनी भगत, अध्यक्षता अरविंद भगत, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जशपुरनगर, कृष्ण कुमार राय पूर्व पर्यटन अध्यक्ष, नरेश नंदे एवं सामाजिक कार्यकर्ता कृपा शंकर भगत एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के द्वारा बाबा साहब के आदमक़द मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई।

विधायक श्रीमती भगत ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान के माध्यम से सामाजिक न्याय, समानता और मानव गरिमा के आदर्शों को स्थापित किया। बाबा साहब के जीवन संघर्ष एवं मानव समाज को दिये ग्रन्थ ₹भारतीय संविधान₹ में प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों पर बारीकियों से प्रकाश डाला एवं बाबा साहब के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

नगरपालिका अध्यक्ष ने अपनी उद्बोधन में कहा कि आज मैं जिस जगह पर पदासीन हूं बाबा साहब के बदौलत हूं। मैं उन्हें नमन करता हूँ। संवैधानिक मूल्यों से नगर का संचालन मेरी पहिली प्राथमिकता होगी, साथ ही अम्बेडकर चौक के जीर्णोद्धार का जिक्र करते हुए साढ़े सात लाख स्वीकृति पर विधायक महोदया को साधुवाद भी कहा। उद्बोधन की कड़ी में कृष्णा रॉय ने अपने समय में बने तमाम चौक-चौराहे के निर्माण पर बात रखी इसी कड़ी में कृपा शंकर भगत जी ने बाबा साहब के उपकार को हमें कभी नहीं भूलना चाहिए उनके द्वारा निर्मित संविधान के बदौलत शिक्षा आज समाज में धार्मिक स्वतंत्रता मिली।

---

## परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर विप्र समाज की बैठक



**जशपुरनगर।** पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत तमता में सोमवार की रात्रि विप्र समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जगन्नाथ मंदिर परिसर में संपन्न हुई इस बैठक में आगामी 20 अप्रैल को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित विप्र समाज के दर्जनों सदस्यों ने सर्वसम्मति से कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम की छायाचित्र की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ किया जाएगा। इसके पश्चात, पूरे नगर में भव्य नगर भ्रमण का आयोजन होगा, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देना है। इस अवसर पर विप्र समाज के वरिष्ठ जनों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

---

## महादेवडांड़ के खरा नाला में बनेगी 6 करोड़ की लागत से पुलिया



**जशपुरनगर।** जिले के महादेवडांड में खरा नाला पर बनने वाली पुलिया निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पत्थलगांव विधायक एवं सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय एवं जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों ने विधिवत पूजा- अर्चना कर पुलिया निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।

खरा नाला पर बनने वाली इस पुलिया के लिए लगभग 6 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। पुलिया बनने से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा बरसात के दिनों में होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी। इस अवसर पर विधायक गोमती साय ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पुल-पुलिया और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके। जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कहा कि जशपुर जिले के माटी पुत्र और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन स्थापित हुआ है और विकास कार्य लगातार आगे बढ़ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गंगा बह रही है और आम जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

---

## परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा 19 को 3009 परीक्षार्थी परीक्षा में होंगे शामिल

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन 19 अप्रैल को 11.00 बजे से 1.15 बजे तक किया गया है। जशपुर जिले में कुल 10 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा संपन्न होगी। जिसमें कुल 3009 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर प्रियंका रानी गुप्ता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। व्यापम द्वारा जारी निर्देशानुसार परीक्षार्थी को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेना चाहिए, ताकि उन्हे परीक्षा दिवस को काई असुविधा न हो। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 02 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे, ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आयें। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा।

---

ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

# राजस्व शिविर में मौके पर ही सुलझा विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासन के निर्देशानुसार आमजन की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिले में राजस्व शिविरों का आयोजन निरंतर जारी है। इसी क्रम में आज तहसील पत्थलगांव के ग्राम पंचायत तमता में विशेष राजस्व शिविर लगाया गया, जहां वर्षों से लंबित एक रास्ता विवाद को मौके पर ही सुलझा लिया गया।

शिविर के दौरान ग्राम तमता निवासी रतनराम पिता बैजू द्वारा आवागमन की सुविधा के लिए रास्ते की मांग संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त तहसीलदार पत्थलगांव की उपस्थिति में ग्राम पंचायत के सरपंच, उप-सरपंच और पंचों के साथ स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात आपसी सहमति से रतनराम को उनके आवास तक जाने के लिए 5 फीट चौड़ा कच्चा रास्ता प्रदान किया गया। इस समाधान की पुष्टि हेतु मौके पर ही 'पंचनामा' तैयार कर सभी संबंधित पक्षों और गवाहों के हस्ताक्षर कराए गए, जिससे वर्षों की समस्या का अंत हुआ।



#### ग्रामीणों को दी गई जानकारी

शिविर में पहुंचे अतिरिक्त तहसीलदार ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ग्रामीणों को राजस्व विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर दी जानकारीः ऑनलाइन प्रक्रिया अब अविवादित नामांतरण और बंटवारा के लिए ग्रामीणों को तहसील कार्यालय के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है। ग्राम पंचायत प्रस्ताव के माध्यम से सचिव की आईडी का उपयोग कर इन प्रकरणों को ऑनलाइन दर्ज किया जा सकता है। इस विशेष शिविर में राजस्व अमले के साथ पटवारी (हल्का नंबर 15), ग्राम पंचायत तमता के जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मौके पर ही समस्याओं के निराकरण से समय और धन दोनों की बचत हो रही है।

---

## रात्रिकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज



**जशपुरनगर।** ग्राम देवीडड़गांव स्थित स्कूल मैदान में पंचायत स्तरीय रात्रिकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 का भव्य शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन लायंस ब्रदर, देवीडड़गांव के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न टीमों की भागीदारी देखने को मिल रही है। उद्घाटन मैच ब्लैक कोबरा और गम्हरिया के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में गम्हरिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1-0 से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता में विजयी शुरुआत की। मैच के दौरान खिलाड़ियों का प्रदर्शन दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा।



# परदे पर खुलेगी इतिहास में दर्ज सवालों की परत..

**मुंबई।** फिल्म धुरंधर 2 के बाद संजय दत्त अपनी आगामी फिल्म आखिरी सवाल को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का मंगलवार को टीजर रिलीज हुआ है। संजय दत्त अभिनीत फिल्म 'आखिरी सवाल' का पहला टीजर 02 अप्रैल को रिलीज हुआ था। इसने फिल्म के प्रति उत्सुकता जगाई। मंगलवार को फिल्म का दूसरा टीजर सामने आया है। इसमें इतिहास की कुछ ऐसी घटनाओं का जिक्र देखने को मिलेगा, जिन पर ज्यादा बात नहीं होती है। मेकर्स का दावा है कि फिल्म के जरिए वे सवाल भी सामने आएंगे, जिन्हें अभी तक कोई नहीं पूछता है।फिल्म के टीजर की शुरुआत में लिखा आता है, 'सवाल, जिसे पूछने की हिम्मत अब तक किसी ने नहीं की'।

## लाइफ Style

# हुमा
## सिंगर एड शीरन को सिखाई थी हिंदी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' की रिलीज की तैयारी में जुटी हैं। उन्होंने अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हाल ही में हुमा ने बताया कि कैसे एड शीरन ने यह फिल्म देखी थी और इसकी तारीफ की थी।



एक बातचीत में हुमा ने फराह खान की पार्टी में एड शीरन से हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा, 'यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। जब मैं एड शीरन से मिली तो पता चला कि उन्होंने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' देखी है। यह जानकर मैं हैरान रह गई थी। जब एड शीरन मुंबई में थे, तब फराह खान ने उनके लिए एक पार्टी रखी थी, जहां सभी उनसे मिले थे। मैं उनसे बातचीत करने की कोशिश कर रही थी।

उन्होंने कहा, 'मुझे आपका देश बहुत पसंद है और मैं यहां म्यूजिक पर काम करना चाहूंगा।' उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने एड शीरन को कुछ हिंदी शब्द सिखाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'अगर आप और भी दिलचस्प भाषा सीखना चाहते हैं, तो आपको हमारी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जरूर देखनी चाहिए।' वह रुक गए और पूछा, 'क्या आप उस फिल्म में थीं?' मैंने कहा, 'हां।' उन्होंने कहा, 'मैंने अभी-अभी वह फिल्म देखी है। मुझे यह बहुत पसंद आई। यह सच में एक जबरदस्त फिल्म है।' मुझे लगा कि यह मेरे लिए एक बहुत ही शानदार पल था।' अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' दो हिस्सों में बनी है।

## हॉलीवुड मसाला



# सामने आया जुमांजी के तीसरे पार्ट का टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की पॉपुलर एक्शन-एडवेंचर फ्रेंचाइजी 'जुमांजी'के तीसरे पार्ट का ऑफिशियल टाइटल सामने आ गया है। जुमांजी के तीसरे पार्ट की घोषणा लॉस एंजेलिस में नहीं, बल्कि लास वेगास में हुए सोनी के सिनेमकॉन इवेंट के दौरान की गई, जहां फिल्म की पहली झलक और ट्रेलर भी दिखाया गया। इस खास मौके पर केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक खुद मौजूद थे। केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक स्टारर इस फिल्म का नाम 'जुमांजीः ओपन वर्ल्ड' होगा। फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें कैरन गिलन भी अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी।



# टीवी पर्सनालिटी को हुआ प्यार; इश्क का किया इजहार

**लॉस एंजिल्स।** 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप की जिंदगी में प्यार की बहार आ गई। जबकि इन दिनों वह कैंसर की बीमारी से भी जंग लड़ रही हैं। हाल ही में अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर टेडी मेलनकैंप ने खुलकर बात की। कोई प्यार करने वाला साथ हो तो जिंदगी की मुश्किल डगर भी आसानी से पार हो जाती है। यह बात 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप पर सटीक बैठती हैं। इन दिनों वह कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रही है, इलाज के दौरान ही उनकी जिंदगी में प्यार की दस्तक भी हुई है। अपनी डेटिंग लाइफ और नए पार्टनर को लेकर टेडी मेलनकैंप से हाल ही में फैंस को बताया है।



# फिर मोहित के साथ काम करेंगे अहान

**मुंबई।** पिछले साल आई रोमांटिक फिल्म सैयारा से अहान पांडे रातोंरात युवाओं के बीच की सेंसेशन बन गए। इस सफल फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी ने किया था। अब अहान पांडे एक बार फिर मोहित सूरी के साथ एक नई रोमांटिक फिल्म पर काम करने के लिए तैयार हैं। ऐसा होता है तो 'सैयारा' के बाद एक बार फिर मोहित सूरी और अहान पांडे की जोड़ी बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अहान पांडे मोहित सूरी की यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली अगली रोमांटिक ड्रामा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है, 'मोहित ने अपनी नई फिल्म की कहानी लिख ली थी, जो एक अधेड़ उम्र के लड़के और एक अधेड़ उम्र की लड़की पर आधारित रोमांटिक कॉमेडी है।



# कुछ नया देखना चाहते हैं दर्शक : नमित

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर के प्रमुख भूमिका वाली रामायण फिल्म रिलीज से पहले ही चर्चाओं में हैं। अब नमित मल्होत्रा ने रामायण की तुलना ड्यून पार्ट 3 और द ओडिसी जैसी फिल्मों से की है। 'ड्यूनः पार्ट थ्री' और 'द ओडिसी' जैसी भव्य फिल्मों का जिक्र करते हुए नमित मल्होत्रा ने कहा कि इन फिल्मों को देखते हुए सिनेमाघरों में दर्शक कुछ नया और अलग देखना चाहते हैं। उनकी सोच अब अलग-अलग तरह की कहानियों को देखने के लिए काफी खुली है। मुझे लगता है कि हम सब एक ही तरह की फिल्में काफी देख चुके हैं। लेकिन, अब सवाल यह है कि हम क्या नया ला सकते हैं? लॉस एंजिल्स में सिनेमाकॉन 2026 में बोलते हुए नमित मल्होत्रा ने फिल्म पर बात की। उन्होंने कहा कि वैश्विक दर्शक कहानियों में नयापन और रोमांच ढूंढ रहे हैं।

## टीवी मसाला



# स्टार्स सपोर्टिंग कास्ट को देखते तक नहीं, केवल अमिताभ भले

**नई दिल्ली।** एक्टर राजेश कुमार ने कई टीवी शोज, वेब सीरीज और फिल्मों में काम किया है। वो हर मुद्दे पर खुलकर अपना पक्षा रखते हैं। हाल ही में राजेश ने कहा कि फिल्मों के बड़े स्टार्स अक्सर सपोर्टिंग एक्टर्स को लेकर भेदभाव करते हैं। राजेश कुमार को पहली बार 'साराभाई वर्सेज साराभाई' से प्रसिद्धि मिली, लेकिन उस शो के बाद से दो दशकों में, वह 'बा बहू और बेबी', 'नीली छतरी वाले' जैसे शो में दिखाई दिए। 'कोटा फैक्ट्री', 'ये मेरी फैमिली' जैसी वेब सीरीज और 'सैयारा', 'निशांची', 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' जैसी कई फिल्में भी उन्होंने की हैं। एक हालिया बातचीत में राजेश कुमार ने कहा कि अगर आप किसी बड़ी फिल्म के सेट पर जाते हैं, तो किसी सीन पर होने वाली बातचीत सिर्फ 4-5 लोगों तक ही सीमित रहती है। अगर आप किसी बड़े सेट पर जाते हैं, तो सिर्फ 4-5 लोग ही हर बात पर चर्चा कर रहे होते हैं। निर्देशक, कैमरामैन, लीड एक्टर और राइटर। बाकी लोगों के अनुभव, उनकी कोई अहमियत नहीं होती। राजेश ने बताया कि उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ कभी काम नहीं किया, लेकिन उन्होंने सुना है कि दिग्गज एक्टर सहायक कलाकारों के साथ अपने सीन की तैयारी करना पसंद करते हैं, जबकि बाकी स्टार्स के साथ ऐसा नहीं होता। हाल ही में मैंने किसी भी लीड एक्टर को हमारे साथ प्रैक्टिस करते नहीं देखा।

## अनीता ने शेयर किया मजेदार वीडियो

**नई दिल्ली।** अनीता हसनंदानी ने मंगलवार को अपना 45वां जन्मदिन बहुत खुशी और मस्ती के साथ मनाया। अपने जन्मदिन पर अनीता ने



अपना एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसके साथ ही एक भावुक नोट भी लिखा है। '45 साल की हो गई हूं और अभी भी भाग रही हूं। कैलोरी से और कभी-कभी अपने ही केक से। लेकिन सच कहूं तो, अगर यह केक मेरा पीछा कर रहा है तो शायद इसलिए क्योंकि जीवन इतना मीठा रहा है। मैं हर हंसी, हर सीख और हर पल के लिए बहुत आभारी हूं। अब थोड़ी ज्यादा समझदार, थोड़ी ज्यादा बिंदास और बहुत ज्यादा संतुष्ट हूं।' अनीता को उनके फैंस ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। एक फैन ने लिखा, 'सबसे खूबसूरत आत्मा को बहुत-बहुत मुबारकबाद।' दूसरे ने लिखा, '45 साल की उम्र कभी इतनी मजेदार नहीं लगी।' इसके अलावा कई फैंस ने उनके वीडियो की तारीफ करते हुए लिखा कि वे बहुत प्यारी और ऊर्जा से भरी हुई हैं। अनीता अभी भी टेलीविजन, रियलिटी शो और ब्रांड कामों में सक्रिय हैं। हाल ही में वे 'छोड़ियां चली गांव'रियलिटी शो में नजर आई थीं।

# इस बार वायुसेना पर बनेगी बॉर्डर 3 सनी को लेकर बड़ी प्लानिंग ...

**मुंबई।** सनी देओल और वरुण धवन स्टारर फिल्म 'बॉर्डर 2' ने 450 करोड़ वर्ल्डवाइड की सफल कमाई की और इसी के साथ जेपी फिल्म्स ने अगली फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करीब 329 करोड़ रुपए पार कमाई करने वाली इस फिल्म को लेकर 1997 में रिलीज पहली 'बॉर्डर' वाला क्रेज दिखा।

'बॉर्डर 3' तक लोगों में रियल-लाइफ हीरोइज्म वाले क्रेज को बरकरार देख प्रोड्यूसर निधि दत्ता ने एक अगली फिल्म को लेकर एक बड़ा प्लान तैयार कर लिया है। इस फिल्म की कहानी में लीड रोल में सनी देओल ही रहेंगे, जिसपर काम शुरू होने की चर्चा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल की 'बॉर्डर 3' साल 2027 के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक साबित होगी। गदर और बॉर्डर फ्रेंचाइजी फिल्मों की तुलना में इस फिल्म में सनी की देशभक्ति वाली इमेज को और बड़ा करने की प्लानिंग की जा रही है। वहीं, जेपी फिल्म्स अब भारतीय वायुसेना पर भी एक



नई फिल्म भी शुरू करने जा रहा है। खबर है कि जेपी फिल्म्स अब अपने पारंपरिक वॉर जोन से बाहर निकल कर एक बड़े बजट की फैंटेसी एडवेंचर फ्रेंचाइजी पर भी काम कर रहा है। कहा जा रहा है कि ये फिल्म बड़े स्तर की होगी। जहां एक तरफ 'बॉर्डर 3' में सनी देओल को लेकर बड़ी प्लानिंग कर ली गई है, वहीं जल्द ही वो नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणम्' में अपने 'हनुमान'वाले किरदार से अपनी बिल्कुल अलग छवि बनाने की तैयारी में भी जुटे हैं। यकीनन ये फिल्म उनके कॅरियर का एक नया और दिलचस्प अध्याय होगा। भगवान हनुमान के किरदार में सनी देओल फिल्म के दोनों पार्ट्स में नजर आएंगे। यह प्रोजेक्ट इस स्टूडियो के लिए एक बड़ा बदलाव के तौर पर आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म की कहानी और राइटिंग के काम में निधि खुद शामिल हैं, जिसकी शूटिंग देश की अलग-अलग हिस्सों में होनी है। इसी के साथ खबर है कि इस प्रोजेक्ट में भी सनी एक खास कैमियो रोल में नजर आ सकते हैं। वहीं ,निधि दत्ता की बात करें तो उन्होंने 'पलटन' और 'घुड़चढ़ी' जैसी फिल्मों के जरिए अपनी पहचान बनाई। अब उनके कंधों पर 'बॉर्डर' जैसी विरासत को आगे ले जाने का मौका है। कहा जा रहा है कि जेपी फिल्म्स की ओर से 'बॉर्डर 3' की आधिकारिक कास्टिंग अनाउंस अगले कुछ महीनों में होगी।

# 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज, दो हसीनाओं के बीच फंसे वरुण

**मुंबई।** वरुण धवन की आगामी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इसमें एआई का इस्तेमाल देखने को मिला है। वरुण धवन दो-दो हसीनाओं के बीच फंसे दिख रहे हैं। बीते दिनों फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की नई रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। पहले जून में रिलीज होने वाली यह फिल्म अब मई के महीने में दस्तक देगी। मंगलवार को फिल्म का फर्स्ट लुक वीडियो सामने आया है। एआई किड्स पिता की जन्मतिथि 24 अप्रैल बताते हैं। बता दें कि वरुण धवन का जन्मदिन इसी दिन होता है। वीडियो में आगे वरुण धवन की एंट्री होती है। उनके किरदार का नाम जैस है। वे हाथों में जयमाला थामे झांकते दिख रहे हैं। आगे मृणाल ठाकुर की झलक देखने को मिली है, जिनके किरदार का नाम बानी है। इसके बाद पूजा हेगड़े की एंट्री होती है और उनके किरदार का नाम प्रीत है। वरुण धवन को बानी और प्रीत दोनों के साथ इश्क फरमाते दिखाया गया







है।यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। 'है जवानी तो इश्क होना है' का निर्देशन वरुण धवन के पिता व दिग्गज निर्देशक डेविड धवन ने किया है। 'मैं तेरा हीरो' और 'जुड़वा 2' के बाद वरुण और डेविड की पिता-पुत्र की जोड़ी की ये तीसरी फिल्म है।

## पूरे वीक भरपूर रहेगा मनोरंजन का खेल


# थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई मूवीज-सीरीज

*नई दिल्ली। अप्रैल के तीसरे सप्ताह की शुरुआत से हो गई है। हर वीक की तरह इस बार भी मनोरंजन जगत की लेटेस्ट रिलीज पर सिनेप्रेमियों की नजरें बनी हुई हैं, जिनके जरिए उनका ये हफ्ता भी एंटरटेनमेंट से भरपूर रहेगा।*

**टोस्टर :** अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की जोड़ी हिट- द फर्स्ट केस के बाद एक बार फिर से सिनेमा जगत में वापसी करने जा रही है। इस बार ये दोनों फिल्म टोस्टर में नजर आने वाले हैं, जिसका ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आया है। क्राइम कॉमेडी के तौर पर टोस्टर की रिलीज का हर कोई इंतजार कर रहा है। बता दें कि 15 अप्रैल को ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम की जाएगी।

**भूत बंगला :** सुपरस्टार अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड मूवी भूत बंगला भी इस सप्ताह में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 16 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी। इस फिल्म में अक्षय के अलावा अभिनेता परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और तब्बू जैसे कलाकार नजर आएंगे।

**मटका किंग :** लंबे समय से एक्टर विजय वर्मा की वेब सीरीज मटका किंग की चर्चा चल रही है। हाल ही में इस सीरीज का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज किया गया है और इसके साथ ही इसकी रिलीज डेट भी क्लियर हुई है। जिसके आधार पर 17 अप्रैल को मटका किंग ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।






**द ममी :** हॉलीवुड की बहुचर्चित फिल्म फ्रेंचाइजी द मम्मी अब नए अवतार में वापसी करने के लिए तैयार है। निर्देशक ली क्रोनिन के निर्देशन में बनने वाली द मम्मी को इस वीक 17 अप्रैल यानी शुक्रवार को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना है।

**अस्सी :** हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्देशक अनुभव सिन्हा और एक्ट्रेस तापसी पन्नू की कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म अस्सी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म अस्सी को 17 अप्रैल के दिन ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा।

**दो दीवाने शहर में**
एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक पिल्म दो दीवाने शहर में भी इस वीक की अपकमिंग रिलीज की लिस्ट में शुमार है। 17 अप्रैल से ये मूवी भी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देखने को मिल जाएगी।

**यूफोरिया 3 :**
हॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार जैंडाया स्टारर पॉपुलर वेब सीरीज यूफोरिया अपने नए सीजन के साथ वापसी करने जा रही है। 19 अप्रैल से यूफोरिया का सीजन 3 ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर ऑनलाइन स्ट्रीम कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### कार्यकर्ताओं ने किया केंद्रीय मंत्री का स्वागत

**सरसींवा।** सरसींवा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्य करता रमेश जालान के निवास पर बिलासपुर लोकसभा के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री तोखन साहू का आगमन हुआ। इस दौरान स्थानीय भाजपा के कार्य करताओ द्वारा सुवागत किया गया। इस आगमन के अवसर पर भाजपा के संस्थापक सदस्य रमेश जालान ने शाल एवं श्रीफल भेंट कर केंद्रीय मंत्री का पारंपरिक स्वागत किया। मंत्री के साथ बिलासपुर से राकेश तिवारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन के विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नारायण साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अनिल साहू सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### औद्योगिक दुर्घटना से मौत ओपी ने जताया शोक

**रायगढ़।** सक्ती जिले में सिंघीतराई



स्थित श्वेदांता पावर प्लांटश में बॉयलर फटने से हुई भीषण दुर्घटना में श्रमिकों के निधन और घायल होने की घटना पर शोक व्यक्त करते हुए वित्त मंत्री विधायक ओपी चौधरी ने कहा यह घटना अत्यंत पीड़ादाई है। घायल श्रमिकों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए ओपी ने कहा परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें। रायगढ़ विधायक ने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्माओं श्रीचरणों में स्थान देंने की कामना की है।

### सारंगढ़ में आज होगा नारी शक्ति वंदन रैली

**सारंगढ़।** भारत के सभी क्षेत्रों में महिलाओं को पुरुष के समान समानता का मजबूत प्रतिनिधित्व और सशक्तिकरण दिलाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में नारी शक्ति वंदन बाइक रैली का आयोजन सारंगढ़ में जवाहर भवन मैदान से खेलभांठा मैदान तक किया जाएगा। इस रैली के समापन कार्यक्रम खेलभांठा मैदान में किया जाएगा। इन दोनों कार्यक्रमों में समाज के विभिन्न क्षेत्र राजनीति, शिक्षा, खेलकूद, समाज कल्याण, स्वरोजगार आदि में अग्रणी भूमिका निभाने वाले महिलाएं शामिल होंगी।

### 15 नवीन समितियों का वर्चुअल शुभारंभ

**सारंगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप द्वारा प्रदेश की 515 नवीन समितियों के साथ सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की 15 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। दोपहर 2 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और किसानों की गरिमामय उपस्थिति रही। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 15 नवीन समितियां भड़िसार, बोहराबहाल, गौरडीह, अमुर्रा, बरगांव, धनीगांव, बोईरडीह, सेन्दुरस, मढाईभांठा, धारासीव, सालिहाघाट, पचरी, देवसागर, रोहिना एवं टाटा को नई समिति के रूप में प्रारंभ किया गया है। इससे किसानों को अब खाद, बीज और कृषि ऋण के लिए किसानों को लंबी दूरी तय नहीं करनी होगी।

## निधन...

### भरत भूषण सोनी

**कुड़ेकेला।** धरमजयगढ़



विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लात में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ भरत भूषण सोनी का मंगलवार को बिलासपुर के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। बुधवार को उनके गृह ग्राम में गमगीन माहौल के बीच अंतिम विदाई दी गई। सोनी जी पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। स्वास्थ्य बिगड़ने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए बिलासपुर के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था।

# बाबा साहेब की जयंती पर निकाली गई रैली



**बरमकेला।** डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर बरमकेला नगर में भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर में विशाल रैली एवं शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे, जिन्होंने देश को एक सशक्त और लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया। उन्होंने सामाजिक भेदभाव, छुआछूत और असमानता के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया और समाज के वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। शिक्षा को उन्होंने समाज के उत्थान का सबसे बड़ा माध्यम बताया और शिक्षित बनो, संगठित रहो संघर्ष करो का संदेश दिया। उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं और एक समतामूलक समाज के निर्माण में प्रेरणा प्रदान करते हैं। अंबेडकर जयंती के अवसर पर सुबह से ही नगर में उत्सव का माहौल बना रहा। विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा बाबा साहेब के चित्र एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके पश्चात नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बैंड बाजे, डीजे एवं आकर्षक झांकियों ने वातावरण को उत्सवमय बना दिया। युवाए महिलाएं और बुजुर्गों ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए जय भीम के नारों के साथ बाबा साहेब के विचारों का प्रचार प्रसार किया। कई स्थानों पर लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत कर पुष्प वर्षा भी की। इस कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक दलों के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही, भाजपा पूर्व अनुसूचित आयोग सदस्य पुनीत राम चौहान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जवाहर नायक, जिला पंचायत सदस्य डॉ. अभिलाषा कैलाश नायक, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश पंडा, जनपद पंचायत बरमकेला अध्यक्ष डॉ. विद्या किशोर चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोहर पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विलास सारथी, गणेशी चौहान, नगर पंचायत अध्यक्ष सत्यभामा मनोहर नायक, उपाध्यक्ष राजू नायक, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष किशोर पटेल, हेमसागर नायक, पिंटू

## हरित सेवा समिति ने किया बाबा साहेब को याद

**पुसौर।** हरित सेवा समिति के अध्यक्ष सीताराम चौहान एवं सदस्यों ने देश के नामचीन हस्तियों के जन्म जयंती एवं पुण्यतिथि मनाते हुए जहां जनता के बीच प्रासंगिक बने हुए हैं वहीं मेधावी छात्रों एवं पर्यावरण सुरक्षा से जुड़े लोगों को सम्मानित करते आ रहे हैं।



प्रतिवर्ष बस स्टैण्ड पुसौर में बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ साथ भीम आर्मी के लोग शामिल होते थे। इस वर्ष यह आयोजन यहां सांकेतिक रूप से आयोजन करने के बाद ओड़िशा के कोडेकेला में बाबा साहेब का 135 जन्म जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के स्कूल के विद्यार्थी एवं भीम आर्मी के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यतः रवि भारद्वाज, विक्रम चौहान सत्यानंद रणवीर, डिग्री प्रसाद चौहान प्रेम गुप्ता, अरूण बंजारे, पंचु उरमा, सुशी उर्मा सहित अंचल वासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम रैली निकालकर कर की गई और इसमें शामिल सभी जन मंच में उपस्थित होकर बाबा साहेब के तैलीय प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना किया। इसके पश्चात उद्बोधन का दौर प्रारंभ हुआ। जिसमें प्रायः सभी बाबा साहेब द्वारा निर्मित संविधान की तारीफ करते हुए इन्होंने कहा कि एक संविधान ही है जिसके जरिए आज सबके

## लोईंग में मनाई गई बाबा साहेब की 135 वीं जयंती



**लोईंग।** रायगढ़ पूर्वांचल के ग्राम पंचायत लोइंग के स्व पूर्ण चंद मार्ग के मोहल्ला हरिजन मैन रोड लोइंग के किनारे अम्बेडकर युवा व महिला समिति के द्वारा मिलकर जहां पर बाबा साहेब कि एक स्तम्ब चबूतरा बना है उस पर बाबा साहेब कि प्रतिमा रखकर फूल माला एवं दीप जलाकर गाजे बाजे के साथ बड़ी धूमधाम, हर्ष और उल्लास के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बाबा साहेब का 135वीं जयंती मनाई गई। बंत में प्रसाद का वितरण भी किया गया।



## कांग्रेस ने कैंडल जलाकर मनाया अंबेडकर जयंती

**कोसीर।** डॉ भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब की जयंती ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उलखर कोसीर द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा में पुष्प माला पहना कर एवं कैंडल जला कर मनाया गया।इस कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सतीश श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य विनोद भारद्वाज, सारंगढ़ मंडल अध्यक्ष राजू यादव, ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती अनीता संदीप बनज, ब्लॉक महामंत्री रामकुमार श्रीवास, हेमंत चंद्र, सचिव फूल कुमार विश्वकर्मा, लक्ष्मी प्रसाद माली, कार्यकारिणी सदस्य मथुरा लहरी, वीरेंद्र जाटवर, मंडल अध्यक्ष जशपुर अशोक वर्मा, जनपद सदस्य प्रतिनीति दरस श्रीवास ,रामधन श्रीवास, प्रकाश, संदीप बनज आदि कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

## भाजयुमो ने किया संवाद एवं सहभोज का आयोजन

**रायगढ़।** संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के पावन अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में समरसता भोज का आयोजन किया गया। इस संबंध की जानकारी देते हुए भाजयुमो अध्यक्ष सुमीत शर्मा ने बताया कि छात्रावास में निवासरत भाइयों के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान की मौजूदगी में आत्मीय संवाद कर सामाजिक समरसता, एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया, साथ ही युवाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। इस दौरान महापौर जीवर्धन चौहान, नगर निगम जोन 02 अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पार्षद आशीष ताम्रकार, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सूरज शर्मा, रायगढ़ शहर युवा मोर्चा अध्यक्ष नरेंद्र ठेठवार, चक्रधर जूटमिल मंडल अध्यक्ष खगेश देवांगन सहित संगठन पदाधिकारियों एवं छात्रावास के सभी भाइयों की उपस्थिति रही।

# रेल लाइन से राहगीरों को हो रही परेशानी



**पुसौर।** पुसौर विकास खंड के केनसरा बासनपाली के बाद गोर्रा पहुंच मार्ग के बीच अडानी पावर प्लांट द्वारा युद्ध स्तर में रेल लाइन का काम जारी है। जिसके कारण मिट्टी आदि क्षेत्र में बेतरतीब बिखरे होने व उड़ने से राहगीरों को परेशानी होने का खबर प्रकाश में आया है।

ज्ञात हो कि छोटे भंडार में स्थापित अडानी पावर प्लांट का विस्तार हो रहा है जिसके कारण खरसिया विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों से होते हुए रेल्वे पटरी बिछाया जा रहा है। जानकारों की माने तो इस निर्माण कार्यो के बीच रोड के डायवर्ट होने की सूचना के साथ साथ काम जारी होने की सूचना कहीं चस्पा नहीं है जिसके कारण राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जनों का कहना है कंपनी द्वारा मनमानी किया जा रहा है जिसके कारण खेती किसानी के समय परेशानी तो होता ही है और गर्मी के समय में आना जाना करते समय परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि जब रोड था तो रोड के किनारे किनारे बड़े बड़े पेड़ थे जिसमें राहगीर कभी कभी थकान मिटाते थे, लेकिन अब सारे एरिया में पेड़ कट जाने से राहगीरों को इस तरह की राहत नहीं मिल रहा है।

## 6 लीटर महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**सरसींवा।** सरसींवा पुलिस ने ग्राम जैतपुर में दबिश देकर हाथ भट्ठी से बनी कच्ची महुआ शराब के अवैध भंडारण और बिक्री का पर्दाफाश किया है। कार्रवाई के दौरान एक महिला आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस को जैतपुर निवासी घसनी केंवट अपने घर के आंगन में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री के लिए रखने की जानकारी मिली थी। उप निरीक्षक अमृत भार्गव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 6 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत 1200 रुपए बताई जा रही है। बरामद शराब में 5 लीटर का एक जरीकेन और 1 लीटर की प्लास्टिक बोतल शामिल है। पूछताछ में आरोपी द्वारा अवैध बिक्री के उद्देश्य से शराब रखने की बात स्वीकार किए जाने पर पुलिस ने विधिवत जब्ती की कार्रवाई की। थाना सरसींवा में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी महिला को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया।

# धारदार हथियार लहराकर दहशत फैलाने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धारदार हथियार लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर के भाठापारा का है।

पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि केरा रोड स्थित देशी शराब भट्टी के पास कुछ युवक धारदार हथियार लहराकर राहगीरों और स्थानीय लोगों को डरा-धमका रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने अभिषेक सोनवान पिता हेतराम सोनवान उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 25, भाठापारा, जांजगीर एवं गौरव किरण पिता मनोहर किरण उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम घनवा, जांजगीर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से 2 नग धारदार हथियार जब्त किए हैं। मामले में दोनों के विरुद्ध अलग-अलग आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों का यह कृत्य सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा था, जिससे आम नागरिकों में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा था। जिले में लगातार ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है जो सार्वजनिक स्थानों पर हथियार लेकर घूमते हैं या लोगों को डराने-धमकाने का प्रयास करते हैं।

## छप्पर तोड़ने के दौरान गिरकर चली गई जान

**देवरी-सारागांव।** युवक अपने घर में छप्पर तोडने का काम कर रहा था। इसी दौरान उसका संतुलन बिगडा और गिरकर उसकी जान चली गई। घटना चांपा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बघौदा का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बघौदा निवासी रमेश कुमार बरेठ पिता सोहितराम बरेठ उम्र 44 वर्ष 12 अप्रैल की सुबह 8 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नया घर स्वीकृत हुआ था। नए मकान के निर्माण के लिए वे अपने पुराने घर की छप्पर तोड़ने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक एक लकड़ी टूट गई, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वे नीचे गिर पड़े। गिरने से उनके बाएं हाथ की कलाई, सीने की पसलियां टूट गईं तथा सिर में गंभीर चोट आई। घटना को देख परिजन और आसपास के लोग तुरंत उन्हें बीडीएम अस्पताल चांपा लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। चांपा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और आगे की जांच जारी है।

# शेयर ट्रेडिंग और अधिक मुनाफे का लालच देकर 50 करोड़ की ठगी, 100 से ज्यादा लोग शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



चांपा क्षेत्र में शेयर ट्रेडिंग और अधिक मुनाफे का लालच देकर एक व्यक्ति द्वारा 100 से अधिक लोगों से लगभग 50 करोड़ रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी पिछले करीब 8 महीनों से फरार बताया जा रहा है, जबकि पीड़ित निवेशक अपनी जीवनभर की जमा पूंजी वापस पाने के लिए पुलिस और प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जानकारी के अनुसार, पांडरीकला निवासी हरिशंकर गुप्ता ने चांपा के शांति विहार कॉलोनी में रहते हुए इस पूरे नेटवर्क की नींव रखी। उसने निवेशकों को यह भी भरोसा दिलाया कि उनका पैसा पूरी तरह सुरक्षित है और जरूरत पड़ने पर कभी भी वापस किया जा सकता है। शुरूआती दौर में उसने कुछ लोगों को समय पर ब्याज और आंशिक रकम लौटाकर उनका विश्वास जीत लिया। शुरुआती निवेशकों को समय पर ब्याज देकर उसने इलाके में अपनी विश्वसनीयता बढ़ाई। जानकारी के अनुसार आरोपी ने 20 से 30 एजेंट तैयार किए थे, जो अलग-अलग मोहल्लों और गांवों में जाकर लोगों को निवेश के लिए प्रेरित करते थे। इस नेटवर्क का गणित बेहद सीधा था, निवेशकों से 3 प्रतिशत मासिक ब्याज का वादा 2 प्रतिशत निवेशकों को दिया जाता था। 1 प्रतिशत एजेंट अपने पास रखते थे। इस व्यवस्था से एजेंटों को भी लगातार कमाई होती रही, जिससे वे और अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रेरित होते रहे। इस तरह यह नेटवर्क तेजी से फैलता गया। इस घोटाले की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसमें केवल छोटे निवेशक ही नहीं, बल्कि कई बड़े व्यापारी और प्रतिष्ठित लोग भी शामिल हैं। श्याम भारती फ्यूल्स के संचालक ने लगभग 4 करोड़ रुपये निवेश किए सुनील सराफ ने करीब 1.5 करोड़ रुपये लगाए निरंजन महाराज ने लगभग 1.25 करोड़ रुपये निवेश किया। मुकेश साहू ने करीब 2 करोड़ रुपये लगाए। घोटाले का पर्दाफाश तब हुआ जब पिछले कुछ महीनों से निवेशकों को ब्याज मिलना बंद हो गया। बताया जा रहा है कि आरोपी पिछले लगभग 8 महीनों से लापता है। ठगी के शिकार हुए लोगों ने चांपा थाने में पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

थाना प्रभारी अशोक वैष्णव ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और सभी संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले में अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आठ लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**मालखरौदा।** पुलिस ने दबिश देकर आरोपी के कब्जे से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया है। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल को आबकारी वृत्त मालखरौदा में दौरान गश्त मुखबिर द्वारा ग्राम भडोरा में सुनील कुमार लहरे पिता पीरीत राम उम्र 36 वर्ष के द्वारा अपने घर में महुआ शराब बेचने की सूचना मिली। मकान के कमरे से दो लीटर वाली 4 नग प्लास्टिक बॉटल प्रत्येक में 2-2 लीटर भरी कुल मात्रा 08 लीटर महुआ शराब बरामद होने से धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर आरोपी को जेल निरुद्ध किया गया। कार्रवाई में वृत्त मालखरौदा प्रभारी कोमल प्रसाद सिदार सहित स्टाफ का योगदान रहा।

# श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह और रासलीला से सराबोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ छाल



उच्चभिट्ठी बीच बस्ती में आयोजित भव्य श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ निरंतर जारी है। परसदा निवासी कथा व्यास पंडित विशालकृष्ण त्रिवेदी जी के मुखारविंद से प्रवाहित हो रही ज्ञान गंगा में डुबकी लगाने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पहुंच रहे हैं। कथा के सातवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी रासलीला एवं श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह का पावन प्रसंग बड़े ही भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। रुक्मणी विवाह के आध्यात्मिक महत्व को सुनने के लिए क्षेत्र के ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। यज्ञाचार्य पं किशन त्रिवेदी, परसदाद्ध के मार्गदर्शन में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो रहे हैं। कथा का समय प्रतिदिन शाम 4 बजे से प्रभु इच्छा तक निर्धारित है। आयोजन के अंतिम चरण में आज सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष का भावपूर्ण वर्णन कर कथा को विश्राम दिया जाएगा। वहीं 17 अप्रैल को हवन, तुलसी वर्षा एवं विशाल भंडारे, प्रसाद वितरण के साथ इस ज्ञान यज्ञ का समापन होगा। कथा व्यास पंडित विशालकृष्ण त्रिवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहींए बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य मार्ग है। भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला और रुक्मणी विवाह का प्रसंग हमें प्रेमए समर्पण और अटूट विश्वास का संदेश देता है। आयोजक समिति ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## झेरिया यादव समाज के जगनिक बने पांचवी बार प्रदेशाध्यक्ष

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश प्रबंध कारिणी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष व दो सदस्यों इस प्रकार सात पदाधिकारीयों का चुनाव गत 12 अप्रैल को प्रदेश के 24 जिलो के 52 मतदान केंद्र में संपन्न हुआ। जिसमें प्रगति पैनल के अध्यक्ष



जगनिक यादव को 6302, उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव को 6241, सचिव सुंदरलाल यादव को 6017, संयुक्त सचिव मनोज यादव को 6311, कोषाध्यक्ष जीआर यादव को 6398, सदस्य आरडी यादव को 5755 और रंजीत यादव को 5447 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार इन सभी उम्मीदवार ने एक तरफा प्रदेश में एतिहासिक वोट हासिल किया। इस संबंध में सुंदर लाल यादव ने कहा कि सभी जिला ब्लॉक, परिक्षेत्र, तहसील के पदाधिकारियों का प्रदेश स्तर प्रबंध कारिणी चुनाव की घोषणा जारी हुआ तभी से लेकर हर तहसील केंद्र के पदाधिकारी से बैठक लेकर चुनाव के साथ साथ संगठनात्मक बैठक लगातार किया गया। जिसमें प्रदेश स्तर के पदाधिकारी जिला स्तर के पदाधिकारी ने मिलकर प्रगति पैनल के क्रियाकलापों व उनके द्वारा किए गए। समाजिक उत्थान, शिक्षा एकता इन सभी कार्यों को बताया गया तथा दूसरे प्रत्याशियों की असलियत को यादव समाज के लोगों के सामने रखा गया।

